आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

हिन्दी दिवस आज देशभर में मनाया जा रहा है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज हिन्दी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में एक वीडियो साझा किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रमों, नशीली दवाओं के विरोध अभियान, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यटन विभागों से संबंधित मापदंडो की निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

राजभवन में आज उप मुख्यमंत्री चाउना मैन के साथ बातचीत के दौरान, राज्य के सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देने वाले सीमा क्षेत्र की सुरक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढ़ांचे, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा परियोजनाओं की आवश्यकता पर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राज्य की सुरक्षा और राजस्व सृजन के लिए राज्य सरकार द्वारा जलविद्युत परियोजनाओं को विकासित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी।

0000000000000000

WEF की एक रिपोर्ट के अनुसार अरुणाचल प्रदेश की “ Medicine from the sky” पहल, जिसे दो हजार बाईस में विश्व आर्थिक मंच (WEF) के सहयोग से लॉन्च किया गया था, ने भूमि -यात्रा के पंद्रह हजार से अधिक घंटे बचाए है और पूरे राज्य में बारह हजार से अधिक चिकित्सा आपूर्तियाँ पहुंचाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए याद दिलाया कि इस पहल की पंद्रह अगस्त दो हजार बाईस को सेप्पा से चायांगताजो तक एक पायलट प्रोजेक्ट के रुप में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना भारत को ड्रोन हब में बदलने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरुप  शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा “ इस योजना ने अरुणाचल प्रदेश के चुनौतीपूर्ण इलाकों में हजारों जीवन रक्षक दवाएं सफलतापूर्वक पहुंचाई है।यह देखकर खुशी हुई की हमारी पहल को विश्व आर्थिक मंच से प्रशंसा मिली है”।

0000000000000000

शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने कहा कि मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी छात्रों की जरुरतों को पूरा करने के लिए एक मजबूत शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ये बात श्री सोना ने शुक्रवार को खोंसा में तिरप जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में चिंतन शिविर बैठक के अनुवर्ती कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि शून्य नामांकन वाले सरकारी स्कूलों को बंद करने और कम नामांकन वाले स्कूलों को समेकित करने की नई नीति का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के स्तर को उस स्तर तक उठाना है, जहां हर अभिभावक अपने बच्चों को इन संस्थानों में भेजने में आत्मविश्वास महसूस करें। 0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने शुक्रवार को वेस्ट सियांग जिले के बासर में आई सी ए आर -कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा किया। के वी के के वैज्ञानिकों और अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत में श्री दुबे ने लाभप्रदता में वृद्धि के लिए क्षेत्र की पारंपरिक कृषी पद्धतियों को संरक्षित करने, उन्हें अधिक उत्पादन और उत्पादकता के लिए खेती पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपनी गतिविधियों को प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृषीकोण के साथ जोड़ने और किसानों में उद्‌यमिता कौशल पैदा करने की अपील की।

0000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलु पुल ने शुक्रवार को किशोर अपराध पर एक कार्यशाला सह परामर्श बैठक के दौरान 'अरुणाचल प्रदेश में किशोर अपराध: कारण और निवारक रणनीति शीर्षक से एक शोध परियोजना जारी की।

सेवा प्राधिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कर आबकारी और नारकोटिक्स, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामले, सूचना प्रौद्योगिकी और डब्लू सी डी विभागों के विशेषज्ञों ने किशोर अपराध के मुद्दों को संबोधित करने पर अपने विचार साझा किए।         0000000000000000

अपर सियांग जिला उपायुक्त हागे लैलांग ने आज यिंगकियोंग में स्वच्छ भारत मिशन के तहत "स्वच्छता ही सेवा" दो हजार चौबीस का राष्ट्रव्यापी अभियान सह उत्सव आधिकारिक तौर पर शुरु किया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर तादुम लिबांग और अन्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान को चिन्हित करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों में बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक शपथ ग्रहण  समारोह भी आयोजित किया गया। यह उत्सव दो अक्टूबर को गांधी जयंती के साथ स्वच्छ भारत दिवस मनाने के साथ संपन्न होगा।

0000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग और दूरास्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा उत्सव के तहत 'mastering social media for Swachhata: Digital age influencing skills' शीर्षक पर वार्ता आयोजित की। स्वच्छता पखवाड़ा के अध्यक्ष प्रोफेसर शंभू प्रसाद ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से स्वच्छता और सफाई के सिद्धांतो को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आग्रह किया।    0000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिला पुलिस ने गत मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में एक पूर्व सैनिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया।

लोअर सुबनसिरी जिला पुलिस अधिक्षक केनी बागरा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने कथित आरोपियों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ भी जब्त किए है। एस पी ने यह भी कहा कि जीरो में मादक पदार्थों की तस्करी में पूर्व सैनिक की भूमिका के बारे में कई रिपोर्ट मिली है और वह काफी समय से पुलिस की रडार पर था। गिरफ्तार आरोपियो के खिलाफ एन डी पी एस अधिनियम की उचित धारा के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए है और आगे की जांच जारी है। 0000000000000000

ईटानगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए शुक्रवार को एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी एक व्यक्ति को गिरप्तार किया। गौरतलब है यह आरोपी पिछ्ले छह सालों से मुकदमें से बच रहा था। आरोपी की पहचान राजेश के रुप में हुई है, जिसे गौर किशोर सिंह के नाम से भी जाना जाता है। राजधानी पुलिस की विशेष टीम ने उसे असम के गुवाहाटी से पकड़ा। ईटानगर के एस पी रोहित राजबीर सिंह ने कहा कि आरोपी के खिलाफ ईटानगर डब्लू पी एस में पोक्सो एक्ट की धारा छह के तहत मामला दर्ज था।वर्तमान में मामला यूपिया में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) के समक्ष विचाराधीन है। जमानत पर रिहा होने के बाद से आरोपी दो हजार अट्ठारह से फरार था। आरोपी को सबसे पहले दो हजार पंद्रह में एक नाबालिक लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

0000000000000000